शुक्रवार
6 मार्च, 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

वर्ष 2, अंक 38 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटिल अखबार

www.apnanalanda.com



# नीतीश कुमार सहित एनडीए के पांच प्रत्याशियों ने राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया



जेपी चौधरी

पटना (अपना नालंदा)। राज्यसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के प्रत्याशियों ने गुरुवार को पटना में अपना नामांकन दाखिल किया। जदयू की ओर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने नामांकन किया, जबकि भारतीय जनता पार्टी की ओर से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और शिवेश कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके अलावा राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने भी एनडीए प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन प्रस्तुत किया।

नामांकन के अवसर पर राजनीतिक माहौल काफी सक्रिय और उत्साहपूर्ण रहा। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह विशेष रूप से उपस्थित रहे और सभी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं दीं। उनके साथ केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बिहार सरकार के दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी उपस्थित रहे। इसके अलावा जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी तथा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा भी नामांकन के दौरान मौजूद थे।

इस मौके पर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के सांसद अरुण भारती सहित बिहार सरकार के कई मंत्री, सांसद, विधायक, विधान पार्षद और अन्य जनप्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। नेताओं ने कहा कि एनडीए पूरी मजबूती के साथ राज्यसभा चुनाव में उतर रहा है और गठबंधन की एकजुटता इसकी सबसे बड़ी ताकत है।

# नीतीश के दिल्ली प्रस्थान से भावुक हुआ राजगीर, विकास की रफ्तार को लेकर उठे सवाल

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल किए जाने के बाद ऐतिहासिक और अंतरराष्ट्रीय पर्यटक नगरी राजगीर में भावुकता और चिंता का मिला-जुला माहौल देखने को मिल रहा है। बीते दो दशकों में जिस तेज़ रफ्तार से राजगीर ने विकास की नई इबारत लिखी है, उसे लेकर अब लोगों के मन में भविष्य को लेकर कई तरह के सवाल उठने लगे हैं। आम लोगों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक के बीच चर्चा का विषय यही है कि क्या आने वाले समय में विकास की यह गति पहले की तरह जारी रह पाएगी या इसमें धीमापन आ जाएगा।

स्थानीय बुद्धिजीवियों का मानना है कि मौर्य और गुप्त काल के बाद यदि किसी दौर में राजगीर ने व्यापक और योजनाबद्ध विकास देखा है, तो वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही संभव हो पाया। कभी बुनियादी सुविधाओं की कमी और सीमित संसाधनों से जूझने वाला यह शहर आज आधुनिक सड़कों, बेहतर आधारभूत संरचना और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन पहचान के साथ नई ऊंचाइयों को छू रहा है। यही कारण है कि नालंदा के लाल कहे जाने वाले नीतीश कुमार के दिल्ली जाने की खबर से यहां के लोगों के मन में भावनात्मक जुड़ाव के साथ-साथ भविष्य को लेकर चिंता भी दिखाई दे रही है।

राजगीर नगर परिषद के वार्ड पार्षद डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री ने राजगीर को वैश्विक मानचित्र पर स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वाकांक्षी परियोजनाएं शुरू की गईं, जिनका असर आज साफ तौर पर दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में राजगीर ने एक नई पहचान बनाई है।

पूर्व प्रखंड प्रमुख सुधीर कुमार पटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यकाल में राजगीर में सड़क और रेल संपर्क का व्यापक विस्तार हुआ है। फोरलेन सड़कों के निर्माण और रेल सेवाओं के विस्तार से यहां की कनेक्टिविटी मजबूत हुई है, जिससे पर्यटन और निवेश दोनों को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि अभी कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं और लोग उम्मीद कर रहे हैं कि ये योजनाएं समय पर पूरी होंगी।

लोदीपुर पंचायत की मुखिया इंदु देवी और उनके प्रतिनिधि बागीश भूषण ने कहा कि पंच पहाड़ियों के बीच बसे राजगीर तक गंगाजल पहुंचाने की योजना ऐतिहासिक उपलब्धि है। हर घर गंगाजल योजना के माध्यम से वर्षों पुरानी पेयजल समस्या को काफी हद तक दूर किया गया है। उनका कहना है कि यह कार्य आने वाली पीढ़ियों तक याद रखा जाएगा।

वहीं वार्ड पार्षद महेंद्र यादव, रोटेरियन कैलाश नाथ झा, देवेंद्र प्रसाद, संतोष कुमार और संजय कुमार सिंह ने कहा कि राजगीर में विकास की जो रफ्तार पिछले वर्षों में देखने को मिली है, उसे बनाए रखना आने वाले नेतृत्व के लिए बड़ी चुनौती होगी। उनका मानना है कि विकास की इस गति को बरकरार रखना सरकार के लिए सबसे बड़ी जिम्मेदारी होगी।

नीरपुर पंचायत की मुखिया कुमारी सविता और उनके प्रतिनिधि पंकज कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री का योगदान केवल नालंदा ही नहीं, बल्कि पूरे बिहार के लिए अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में कई ऐतिहासिक कार्य हुए, जो राज्य के विकास में मील का पत्थर साबित हुए हैं।

नगर परिषद की सभापति जीरो देवी और जदयू जिला उपाध्यक्ष सुवेंद्र राजवंशी ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राजगीर अपने प्राचीन गौरव की ओर तेजी से अग्रसर था।

उन्होंने स्वीकार किया कि उनके जाने से एक खालीपन महसूस होगा। फिलहाल लोगों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि आने वाला नेतृत्व राजगीर के विकास को किस दिशा में आगे बढ़ाता है और क्या यह शहर उसी गति से आगे बढ़ता रहेगा।

# राज्यसभा जाने की चर्चा पर नीतीश कुमार के पैतृक गांव में मिली-जुली प्रतिक्रिया

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने की चर्चाओं और संभावित फैसले को लेकर उनके पैतृक गांव कल्याण बिगहा में मिली-जुली प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। गांव में जहां कुछ लोगों के बीच मायूसी और चिंता का माहौल है, वहीं कई ग्रामीण इस फैसले को उचित भी बता रहे हैं।


ग्रामीणों का कहना है कि नीतीश कुमार लंबे समय से बिहार की राजनीति का नेतृत्व करते रहे हैं और उनके फैसले का असर पूरे राज्य की राजनीति पर पड़ेगा। गांव के कुछ लोगों का मानना है कि यदि वे राज्यसभा जाते हैं तो यह बिहार की राजनीति में एक बड़ा बदलाव साबित हो सकता है। वहीं कुछ ग्रामीणों ने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने राज्य के विकास के लिए लंबे समय तक काम किया है और अब उनका राज्यसभा जाना एक नई भूमिका की शुरुआत हो सकती है।

गांव के ग्रामीण अवधेश सिंह, कक्कू सिंह समेत अन्य लोगों ने कहा कि यह फैसला परिस्थितियों को देखते हुए सही भी माना जा सकता है। उनका कहना है कि उम्र बढ़ने के साथ जिम्मेदारियों में बदलाव होना स्वाभाविक है। हालांकि कई ग्रामीणों ने यह भी कहा कि यदि नीतीश कुमार सक्रिय राजनीति से अलग होते हैं तो बिहार की राजनीति में एक बड़ा शून्य पैदा हो सकता है।

इधर, खुद नीतीश कुमार ने भी सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने की जानकारी दी है। इस बीच बिहार में उनके लंबे राजनीतिक कार्यकाल के अंत को लेकर चर्चाएं भी तेज हो गई हैं, जिससे राज्य की राजनीति में हलचल बनी हुई है।

# चंडी नगर पंचायत में सैरात बाजार बंदोबस्ती के लिए नहीं पहुंचे बोलीदाता

चंडी (अपना नालंदा)। चंडी नगर पंचायत में वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए प्रस्तावित सैरात-बाजार की बंदोबस्ती निर्धारित तिथि पर नहीं हो सकी। खुली डाक प्रक्रिया के तहत आयोजित बैठक में एक भी बोलीदाता के उपस्थित नहीं होने के कारण पूरी प्रक्रिया को स्थगित करना पड़ा। इससे नगर पंचायत प्रशासन को बंदोबस्ती प्रक्रिया आगे बढ़ाने में अस्थायी बाधा उत्पन्न हो गई।नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. अनूपा कुमारी ने बताया कि पांच मार्च को चंडी नगर पंचायत के सैरात-बाजार की बंदोबस्ती के लिए खुली डाक की प्रक्रिया आयोजित की गई थी। इसके लिए सभागार भवन में बैठक बुलाई गई थी, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से कोई भी बोलीदाता इसमें शामिल होने नहीं पहुंचा। बोलीदाता के अनुपस्थित रहने के कारण निर्धारित तिथि पर सैरात कीबंदोबस्ती नहीं हो सकी और बैठक को निरस्त करना पड़ा।उन्होंने बताया कि अब सैरात-बाजार की बंदोबस्ती के लिए छह मार्च को पुनः बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक भी नगर पंचायत के सभागार भवन में ही आयोजित होगी, जिसमें इच्छुक बोलीदाता भाग ले सकेंगे। कार्यपालक पदाधिकारी ने जानकारी दी कि पिछले वित्तीय वर्ष 2025–26 में सैरात की बंदोबस्ती खुली डाक प्रक्रिया के माध्यम से की गई थी। उस समय राजीव कुमार, सूरज कुमार और रंजीत कुमार ने बोली में भाग लिया था। अंततः रंजीत कुमार ने सबसे अधिक बोली लगाते हुए 12 लाख 43 हजार रुपये में सैरात की बंदोबस्ती अपने नाम कराई थी।नगर पंचायत प्रशासन को उम्मीद है कि अगली निर्धारित तिथि पर बोलीदाता भाग लेंगे और सैरात-बाजार की बंदोबस्ती की प्रक्रिया पूरी हो सकेगी।


SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED RERA APPROVED APPROVED
from ₹4251 TO ₹4551/*sq.ft
Project Registration Number
BRERAP192001011025250432E00
60% Free Area
COMFORT, LUXURY WELLNESS
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# रन्नु विगहा में हुड़दंग दल संग सौहार्द और भाईचारे से मनी होली



सुधीर प्रसाद


बेन (अपना नालन्दा)। प्रखंड क्षेत्र के रन्नु विगहा गांव में होली के पावन अवसर पर हुड़दंग दल के सदस्यों द्वारा पूरे गांव में घूम-घूमकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश देते हुए हर्षोल्लास के साथ त्योहार मनाया।

कार्यक्रम के दौरान हुड़दंग दल के सदस्य पारंपरिक अंदाज में गांव की गलियों में घूमते हुए लोगों के घर-घर पहुंचे और सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। ग्रामीणों ने भी उत्साह के साथ एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर तथा पारंपरिक रूप से मिट्टी और कीचड़ लगाकर गले मिलते हुए होली की बधाई दी। इस दौरान गांव के बुजुर्ग, युवा और बच्चे सभी ने मिलकर उत्सव में भाग लिया और पुराने गिले-शिकवेभुलाकर आपसी प्रेम और सद्भाव का परिचय दिया।ग्रामीणों ने बताया कि हर वर्ष होली के अवसर पर इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जिससे गांव में आपसी एकता और भाईचारा मजबूत होता है। हुड़दंग दल के सदस्यों ने भी लोगों से शांति और सौहार्द के साथ होली मनाने की अपील की।शाम होते ही सभी ग्रामीण स्नान-ध्यान कर रंग, अबीर और गुलाल के साथ होली खेलने की तैयारी में जुट गए। पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। हर ओर ढोल-नगाड़ों की धुन, हंसी-खुशी और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। इस आयोजन ने गांव में सामाजिक सद्भाव और पारंपरिक संस्कृति को जीवंत करने का काम किया।









# होली से पूर्व उत्पाद विभाग की ताबड़तोड़ छापेमारी, 315 लीटर शराब बरामद



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। होली पर्व को लेकर मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग, नालंदा द्वारा अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। विभाग की टीम लगातार कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में शराब जब्त कर रही है तथा संलिप्त व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जा रहा है।

01 मार्च को उत्पाद विभाग की अवर निरीक्षक पुष्पा कुमारी को गुप्त सूचना मिली कि नवादा से एक बोलेरो वाहन (पंजीकरण संख्या बीआर-02के-5026) अवैध शराब लेकर राजगीर की ओर आ रहा है। सूचना के सत्यापन के लिए निरीक्षक मद्यनिषेध नितिश कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल गठित किया गया, जिसमें अवर निरीक्षक पुष्पा कुमारी, निधि कुमारी, शहरयार तथा उत्पाद सिपाही एवं होमगार्ड के जवान शामिल थे।

दल ने राजगीर थाना क्षेत्र में Rajgir Zoo Safar के समीप घेराबंदी कर संदिग्ध बोलेरो को पकड़ा। तलाशी के दौरान वाहन से दो बोरों में पैक लगभग 260 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद की गई। मौके से डब्लू कुमार (पिता-साधु यादव, ग्राम तड़वा, आरोपुर) तथा विक्की कुमार (पिता-हरिद्वार यादव, ग्राम सोनार खाप), दोनों थाना तनकुप्पा, जिला गया, को गिरफ्तार किया गया।

इसी क्रम में पूर्व दर्ज कांड संख्या 64/26, दिनांक 11 फरवरी से संबंधित सूचना पर राजगीर के हंस टोला में छापेमारी की गई। पहले से सील बंद एक कमरे को खुला पाया गया। तलाशी में विभिन्न ब्रांड की लगभग 27.500 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई। इस मामले में रीता देवी (पति-अजय कुमार उर्फ विजय कुमार), निवासी राजगीर, को गिरफ्तार किया गया।

वापसी के दौरान प्राप्त एक अन्य सूचना पर तुलसी गली, उपाध्याय टोला में छापेमारी कर 27.875 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। हालांकि अभियुक्ता मुन्नी देवी (पति-शोक साव) मौके से फरार हो गई।

तीनों मामलों में विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया जारी है, जबकि फरार अभियुक्ता की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी चल रही है। विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि अवैध शराब संबंधी सूचना तत्काल उपलब्ध कराएं, ताकि समय रहते कड़ी कार्रवाई की जा सके।

# कल्याणपुर सड़क हादसे में सारथा निवासी मनोज कुमार गंभीर रूप से घायल



चंडी (अपना नालंदा)। कल्याणपुर मुख्य सड़क पर सोमवार की देर संध्या एक भीषण सड़क दुर्घटना में 45 वर्षीय मनोज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनोज कुमार हरनौत थाना क्षेत्र के सारथा गांव निवासी राम इतर सिंह के पुत्र हैं। घटना उस समय हुई जब वह अपने पुत्र हर्ष राज के साथ मोटरसाइकिल से पटना से अपने घर सारथा लौट रहे थे।

हर्ष राज ने बताया कि जैसे ही वे लोग कल्याणपुर स्थित बजरंगवाली मंदिर के समीप पहुंचे, तभी सामने से आ रहे एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मनोज कुमार असंतुलित होकर सड़क पर गिर पड़े। दुर्घटना के तुरंत बाद अज्ञात चालक मौके से फरार हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़े। मनोज कुमार गंभीर रूप से घायल अवस्था में सड़क पर पड़े थे। उनके दाहिने पैर और बाएं हाथ में गंभीर फ्रैक्चर हो गया। स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए बिना देर किए उन्हें उठाकर तत्काल रेफरल अस्पताल, चंडी पहुंचाया।

अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, किंतु स्थिति नाजुक देखते हुए बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए उन्हें उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच प्रारंभ कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है तथा प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर अज्ञात चालक की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

इधर, घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुत्र हर्ष राज का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय ग्रामीणों ने इस मार्ग पर बढ़ती तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने की प्रवृत्ति पर चिंता जताई है। लोगों ने प्रशासन से नियमित गश्त, गति नियंत्रण एवं सख्त कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

पुलिस ने भी आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को दुर्घटना से संबंधित कोई ठोस जानकारी मिले तो तत्काल संबंधित थाना को सूचित करें, जिससे फरार चालक को शीघ्र गिरफ्तार किया जा सके।






# एकंगरसराय पुलिस की कार्रवाई से फायरिंग की बड़ी घटना टली, चार गिरफ्तार



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। एकंगरसराय थाना पुलिस की तत्परता से बुधवार की रात एक बड़ी आपराधिक घटना टल गई। पुलिस ने फायरिंग की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को अवैध हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार, 4 मार्च की रात करीब 9:45 बजे अमनारखास पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विद्यानंद प्रसाद ने एकंगरसराय थाना को सूचना दी कि पूर्व विवाद को लेकर कुछ बाहरी लोग उनके घर के पास पहुंचकर फायरिंग कर रहे हैं। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार झा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल गश्ती दल और पुलिस कर्मियों को मौके पर भेजा।

पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना को अंजाम देने पहुंचे दो लोगों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पटना जिले के सालिमपुर थाना क्षेत्र के अलीपुर निवासी दिनानाथ यादव (43 वर्ष) और चंदन यादव (38 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों के पास से अवैध आग्नेयास्त्र और कारतूस बरामद किए गए।


पूछताछ और उनकी स्वीकारोक्ति के आधार पर पुलिस ने दो अन्य आरोपियों संतोष कुमार (38 वर्ष), निवासी भदरूडीह थाना नगरनौसा तथा अजीत कुमार (19 वर्ष), निवासी सैरापर थाना चंडी को एक स्कॉर्पियो और एक पिकअप वाहन के साथ गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ एकंगरसराय थाना कांड संख्या 47/26 के तहत संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।

गिरफ्तार आरोपियों में दिनानाथ यादव के खिलाफ पूर्व में हत्या और शस्त्र अधिनियम के मामले भी दर्ज पाए गए हैं। अन्य आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।










अपना नालंदा
अपना शहर अपना खबर
अपना नालन्दा



# 38 बिहार बटालियन एनसीसी ने आयोजित की 'बी' प्रमाण पत्र परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। 38 बिहार बटालियन एनसीसी, बिहारशरीफ के तत्वावधान में राष्ट्रीय कैडेट कोर की 'बी' प्रमाण पत्र परीक्षा का आयोजन सदर आलम मेमोरियल स्कूल, नालंदा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। परीक्षा में विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के सीनियर डिवीजन (एसडी) एवं सीनियर विंग (एसडब्ल्यू) के कैडेटों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अनुशासन, दक्षता और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया।

परीक्षा का संचालन 5 बिहार बटालियन एनसीसी से आए कर्नल एस.के. मिश्रा, 27 बिहार बटालियन एनसीसी के कर्नल रोहित चौहान तथा 38 बिहार बटालियन एनसीसी के एओ कर्नल अजय कुमार के संयुक्त निर्देशन में किया गया। परीक्षा के दौरान कैडेटों की शारीरिक, मानसिक और सामरिक दक्षता का विभिन्न चरणों में मूल्यांकन किया गया।

इस दौरान कैडेटों को फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, मैप रीडिंग, ड्रिल टेस्ट और हथियार प्रशिक्षण जैसे महत्वपूर्ण व्यावहारिक परीक्षणों से गुजरना पड़ा। इसके साथ ही उनके सैद्धांतिक ज्ञान का आकलन करने के लिए लिखित परीक्षा भी आयोजित की गई। इन सभी प्रक्रियाओं के माध्यम से कैडेटों की नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, अनुशासन और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता का परीक्षण किया गया।

एनसीसी अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय कैडेट कोर युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, राष्ट्रभक्ति और समाज सेवा की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण मंच है। 'बी' प्रमाण पत्र परीक्षा कैडेटों के प्रशिक्षण का अहम चरण माना जाता है।

इस अवसर पर 38 बिहार बटालियन के सूबेदार मेजर ललिंद्र टिंगा, कैप्टन अनुज कुमार, एनसीसी अधिकारी , बड़ा बाबू उमाशंकर, राकेश, ट्रेनिंग जेसीओ सूबेदार मदन सिंह मेहता तथा एनसीसी पीआई स्टाफ सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे और परीक्षा के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# होली के बीच इस्लामपुर क्षेत्र में दो अलग-अलग जगहों से महिला और पुरुष के शव बरामद



मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। इस्लामपुर प्रखंड में होली का पर्व जहां अधिकांश स्थानों पर शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ, वहीं दो अलग-अलग स्थानों से शव मिलने की घटनाओं से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने दोनों मामलों में शव बरामद कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार इस्लामपुर थाना क्षेत्र के मणीचक गांव के उत्तर स्थित गेहूं के खेत से पुलिस ने एक 26 वर्षीय विवाहित महिला का शव बरामद किया। मृतका की पहचान मणीचक गांव निवासी बृजेश कुमार की पत्नी विमला देवी के रूप में की गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया।

इस मामले में मृतका के मायके पक्ष, जो पटना जिले के पीपरा थाना क्षेत्र के निवासी बताए जाते हैं, ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। मायके वालों के बयान के आधार पर इस्लामपुर थाना में ससुराल पक्ष के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

वहीं दूसरी ओर इस्लामपुर थाना क्षेत्र के रामा विगहा गांव से भी एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान स्वर्गीय नारायण महतो के 45 वर्षीय पुत्र किशोरी प्रसाद के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार इस मामले में मृतक के परिजनों की ओर से अभी तक कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। पुलिस दोनों घटनाओं की जांच कर रही






# बिहार की सत्ता में संक्रमण का दौर: नेतृत्व परिवर्तन या रणनीतिक पुनर्संरचना?

## नीतीश का राज्यसभा मार्ग और बीजेपी का संभावित मुख्यमंत्री—क्या बदलेगा समीकरण?

## जदयू के दो उपमुख्यमंत्री मॉडल से गठबंधन मजबूत होगा या राजद को मिलेगा नया अवसर?

**(चंदन चौरसिया, पत्रकार एवं सामाजिक विषयों के विश्लेषक)**



बिहार की राजनीति इस समय एक निर्णायक संक्रमण काल से गुजर रही है। लंबे समय तक सत्ता के केंद्र में रहे नीतीश कुमार ने राज्यसभा जाने की घोषणा कर राजनीतिक परिदृश्य में नई हलचल पैदा कर दी है। उनका यह कदम केवल व्यक्तिगत पद-परिवर्तन नहीं, बल्कि सत्ता संरचना के पुनर्गठन का संकेत है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि वे राज्यसभा में जाकर भी बिहार के विकास और स्थिरता के लिए नए मुख्यमंत्री का समर्थन करेंगे। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या यह बदलाव योजनाबद्ध राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है या परिस्थितियों की अनिवार्यता? यदि मुख्यमंत्री पद भारतीय जनता पार्टी के पास जाता है और जेडीयू के दो उपमुख्यमंत्री बनाए जाते हैं, तो यह एक साझा शक्ति-संतुलन का मॉडल होगा। भाजपा को प्रशासनिक कमान और निर्णायक नेतृत्व की छवि मिलेगी, जबकि जदयू अपनी राजनीतिक प्रासंगिकता और सामाजिक आधार को संरक्षित रखने की कोशिश करेगा। किंतु बिहार की राजनीति केवल पदों के बंटवारे से नहीं चलती यहां जातीय समीकरण, क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व और नेतृत्व की विश्वसनीयता निर्णायक कारक होते हैं। यही कारण है कि यह परिवर्तन एक साधारण सत्ता हस्तांतरण न होकर गठबंधन की स्थिरता की परीक्षा भी है।

इस संभावित बदलाव का प्रभाव सबसे पहले गठबंधन की आंतरिक रसायन पर पड़ेगा। भाजपा यदि नया, अपेक्षाकृत युवा और आक्रामक चेहरा मुख्यमंत्री के रूप में प्रस्तुत करती है, तो वह विकास, निवेश और प्रशासनिक दक्षता की नई कहानी गढ़ने की कोशिश करेगी। इससे शहरी और युवा मतदाताओं में उत्साह पैदा हो सकता है। वहीं जदयू के दो उपमुख्यमंत्री सामाजिक संतुलन और जातीय प्रतिनिधित्व का प्रतीक बनेंगे, जिससे पार्टी अपने परंपरागत वोट बैंक को यह संदेश दे सके कि उसकी भूमिका कम नहीं हुई है। लेकिन जोखिम भी कम नहीं है। लंबे समय तक मुख्यमंत्री चेहरा रहे नेतृत्व के हटने से जदयू की पहचान पर असर पड़ सकता है। भाजपा के लिए भी यह चुनौती होगी कि वह अपने मुख्यमंत्री को स्थापित करते समय सहयोगी दल के सम्मान और हिस्सेदारी का ध्यान रखे। यदि संतुलन बिगड़ा, तो सीट बंटवारे और नेतृत्व को लेकर भविष्य में मतभेद उभर सकते हैं। हालांकि यदि यह प्रयोग सफल होता है, तो भाजपा को बिहार में दीर्घकालिक राजनीतिक विस्तार का अवसर मिलेगा और जदयू को राष्ट्रीय राजनीति में नई भूमिका मिल सकती है। यह संक्रमण गठबंधन के भीतर शक्ति-संतुलन की नई परिभाषा तय कर सकता है।

विपक्ष की दृष्टि से देखें तो राष्ट्रीय जनता दल और उसके प्रमुख चेहरा तेजस्वी यादव के लिए यह घटनाक्रम राजनीतिक अवसर बन सकता है। राजद इसे नेतृत्व संकट या सत्ता का अस्थिर मॉडल बताकर जनता के बीच मुद्दा बनाने की कोशिश करेगा। ग्रामीण इलाकों, पिछड़े वर्गों और बेरोजगार युवाओं के बीच यह संदेश दिया जा सकता है कि सत्ता में बदलाव स्थिरता का संकेत नहीं, बल्कि राजनीतिक प्रयोग है। किंतु विपक्ष को भी यह समझना होगा कि यदि नया मुख्यमंत्री प्रभावी प्रशासन, कानून-व्यवस्था में सुधार और रोजगार सृजन पर ठोस कदम उठाता है, तो जनता इस परिवर्तन को सकारात्मक रूप में देख सकती है। आने वाले चुनाव में यह बदलाव भाजपा के लिए नेतृत्व विस्तार का अवसर, जदयू के लिए संतुलन साधने की चुनौती और राजद के लिए पुनरुत्थान का मंच बन सकता है। बिहार की राजनीति में यह क्षण केवल एक व्यक्ति के राज्यसभा जाने का प्रसंग नहीं है। यह सत्ता की धुरी के पुनर्संयोजन और भविष्य की दिशा तय करने वाला अध्याय है। स्थिरता, विकास और सामाजिक न्याय इन तीनों कसौटियों पर ही इस परिवर्तन की सफलता या विफलता का आकलन होगा।



# सैदपुर गांव में पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, कई घायल



आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। कतरीसराय थाना क्षेत्र के अधिकांश गांवों में पुलिस की सक्रियता के बीच होली का पर्व हर्षोल्लास और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। हालांकि थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव में पूर्व के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। यह घटना गुरुवार की शाम करीब सात बजे की बताई जा रही है।

मारपीट की इस घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। एक पक्ष की ओर से इंद्रजीत कुमार और कुणाल कुमार (दोनों पिता रामस्वरूप पासवान), सुगमा देवी (पति बंगाली पासवान) तथा बिट्टू कुमार (पिता रामविलास पासवान) घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से अंजेश कुमार और राकेश कुमार (दोनों पिता नंदकिशोर प्रसाद) गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके अलावा कालो देवी (पति रामस्वरूप पासवान) तथा प्रवीण कुमार (पिता इंद्रजीत कुमार) को भी हल्की चोटें आई हैं। सभी घायलों का स्थानीय स्तर पर इलाज कराया गया। घटना के बाद गांव में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल बन गया, लेकिन पुलिस की सक्रियता से स्थिति जल्द ही सामान्य हो गई।

घटना के संबंध में दोनों पक्षों की ओर से स्थानीय थाना में एक-दूसरे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि सैदपुर गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हुई है। दोनों पक्षों से आवेदन प्राप्त हुआ है और मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# थरथरी में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ रंगों का पर्व होली उत्सव





थरथरी (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र में रंगों का पर्व होली छिटपुट घटनाओं को छोड़ शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। पूरे क्षेत्र में नियमित गश्ती दल लगातार भ्रमण करते नजर आए, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना पर तत्काल नियंत्रण रखा जा सके।

प्रशासन की ओर से असामाजिक तत्वों और शराबबंदी कानून के उल्लंघन पर सख्त निगरानी रखी गई। कई स्थानों पर पुलिसकर्मी सादे लिवास में भी तैनात थे, जो संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए हुए थे। कहीं से भी गड़बड़ी की सूचना मिलते ही पुलिस दल तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करता दिखा। होली से एक दिन पूर्व आयोजित होलिका-दहन के दौरान भी पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय रहा और सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया। पुलिस की मुस्तैदी के कारण पूरे क्षेत्र में शांति और अनुशासन का माहौल बना रहा।

वहीं होली के दिन सुबह से ही बच्चे, बूढ़े, जवान और महिलाएं उत्सव के रंग में सराबोर दिखाई दिए। लोगों ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कई स्थानों पर युवाओं और बच्चों ने पिचकारी और रंगों के साथ जमकर होली का आनंद लिया। गांवों में आपसी भाईचारे और उत्साह के साथ लोग एक-दूसरे के घर जाकर होली की बधाई देते रहे।

कुल मिलाकर थरथरी प्रखंड में रंगों का यह पर्व आपसी सद्भाव, उल्लास और शांति के माहौल में संपन्न हुआ।

# चैत्र मास की शुरुआत के साथ गूंजा चैता गान, हरनौत के गांवों में लोकधुनों की रौनक



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)।होलिकोत्सव के साथ फाल्गुन मास के समापन के बाद चैत्र मास का शुभारंभ हो गया है। चैत्र मास की शुरुआत के साथ ही क्षेत्र में पारंपरिक चैता गान की धुनें गूंजने लगी हैं। हरनौत प्रखंड के नेहुसा पंचायत अंतर्गत महेशपुर बेलदरियापर सहित आसपास के कई गांवों में गुरुवार को ग्रामीण टोलियां पारंपरिक चैता गीत गाते नजर आए।

लोकगायकों द्वारा गाए जा रहे पारंपरिक गीत "राम जी जनमले हो रामा चइत मासे" और "कंडे सुरवा होख ना सहईया ए मईया चइत मासे" की मधुर धुनों से पूरा इलाका भक्तिमय और लोक संस्कृति के रंग में रंगा हुआ है। गांवों में देर रात तक लोग चैता गान का आनंद लेते दिखाई दे रहे हैं।

स्थानीय पंडितों और चैता गायकों के अनुसार चैत्र मास का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व काफी अधिक है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम का जन्म इसी माह में हुआ था। इसी कारण पूरे महीने चैता गाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है।

इस महीने कई प्रमुख धार्मिक पर्व भी मनाए जाते हैं। चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को रामनवमी का पर्व मनाया जाएगा, जो इस वर्ष 27 मार्च को है। वहीं 19 से 27 मार्च तक वासंतिक नवरात्र का आयोजन होगा। इसके अलावा कृष्ण पक्ष की पंचमी को रंग पंचमी तथा इसी माह चैती छठ का पर्व भी मनाया जाएगा।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार चैत्र मास से ही हिंदू नववर्ष अर्थात नवसंवत्सर की शुरुआत मानी जाती है। इस प्रकार चैत्र मास धार्मिक आस्था, लोक परंपरा और सांस्कृतिक उत्सवों से भरपूर महत्वपूर्ण महीना माना जाता है।

# मारूफ शख्सियत जावेद कुरैशी की वालिदा अनवरी खातून सुपुर्द-ए-खाक, हजारों लोग जनाजे में शामिल




अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।बिहारशरीफ शहर के छज्जू मोहल्ला निवासी एवं नाजो मॉल बिल्डिंग के प्रोपराइटर तथा सोगरा वक्फ स्टेट के अहम सदस्य जावेद कुरैशी की वालिदा मोहतरमा अनवरी खातून का बीती रात इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल की खबर फैलते ही शहर में शोक की लहर दौड़ गई।

तय कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को जोहर की नमाज के बाद छज्जू मोहल्ला तालाब स्थित ईदगाह मैदान में जनाजे की नमाज अदा की गई। इसके बाद मरहूमा को मोहल्ले के ही कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। मरहूमा की उम्र करीब 91 वर्ष थी और वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं।

जनाजे की नमाज में शहर और आसपास के इलाकों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। हजारों की तादाद में मौजूद लोगों ने मरहूमा के लिए मगफिरत की दुआ की और परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

इस अवसर पर कई सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक हस्तियां मौजूद रहीं। सुन्नी वक्फ बोर्ड के चेयरमैन इरशादुल्ला, खानकाह मोआज़्ज़म के गद्दीनशीन सैफ उद्दीन फिरदौसी, सोगरा वक्फ स्टेट के मोतावल्ली मोख्तारुल हक, छोटन बिहारी, आफताब आलम, अब्दुल हक, जमायतुल मोमेनिन के सदर महफूज आलम, शाहिद अंजुम, विधान पार्षद प्रतिनिधि एखलाक अहमद, पूर्व डिप्टी मेयर नदीम जफर तथा सोगरा कॉलेज के सचिव एम.बी. शहाबुद्दीन समेत कई गणमान्य लोगों ने मरहूमा के घर पहुंचकर ताजियत का इजहार किया।

सभी लोगों ने मरहूमा के लिए दुआ-ए-मगफिरत करते हुए अल्लाह से उनकी रूह की शांति और परिजनों को सब्र अता करने की दुआ की।

# भाईचारे और सौहार्द के साथ हरनौत में शांतिपूर्ण माहौल में मनी होली





हरिओम कुमार

हरनौत(अपना नालंदा)।होली के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र में अबीर गुलाल और रंगों की जमकर बौछार हुई, लोगों ने सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे की भावना के बीच गिले शिकवे मिटाकर एक-दूसरे को गले भी लगाया। क्षेत्र में

होलिका दहन से लेकर होली तक के दिन तक सांप्रदायिक सद्भाव और अमनचैन को बिगाडने वाली कोई भी घटना नहीं हो पाई, जिससे पुलिस और प्रशासनिक अफसरों को राहत मिली। बुधवार को होली को लेकर सांप्रदायिक सौहार्द के बीच सर्वसमाज के लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल और रंग लगाकर होली की शुभकामना दीं। वहीं घरों में पहुंचकर पुआ,बजका,खीर,पुरी समेत परंपरागत व्यंजनों का स्वाद भी लिया। महिला और बच्चों समेत हर कोई रंगों में सरोबार दिखाई दिया।इस दौरान बाजार क्षेत्र के थाना के पास डाक बंगला रोड आदि स्थानों पर मटका भी युवाओं ने फोड़ा। दूसरी ओर कई जगहों पर मिट्टी से युवा होली खेलतेनज़र आएं।उधर

अधिकांश गांवों में चुनाव पार्टीबंदी के साथ ही पुरानी रंजिश के मामलों से जुड़े लोगों ने गिले शिकवे मिटाकर एक दूसरे को गला लगाया और फिर अबीर गुलाल के साथ ही जमकर रंगों की बौछार भी की। लोगों ने अपने परिवार के साथ-साथ ग्रामीणों के साथ उन्होंने जमकर होली खेली। वहीं होली को लेकर पिछले कई दिनों से पूरी तरह सतर्कता बरत रही ।पुलिस ने छिटपुट वारदातों को छोड़ होली का पर्व अमनचैन के साथ बीतने पर राहत की सांस ली है, जिसकी खुशी में खाकी वालों ने अपने ओहदों की दूरियां मिटाकर जमकर होली खेली और एक दूसरे को रंग तथा माथे पर गुलाल लगाकर शुभकामना दीं। कानून व्यवस्था समेत सभी तरह के झंझट और कोर्ट कचहरी के कामों से मुक्त होकर पुलिस वाले रंगों में सरोबार दिखाई दिए।

# जिले में हर्षोल्लास और सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण माहौल में मना होली पर्व



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। रंगों का पर्व होली जिले भर में हर्षोल्लास, उत्साह और आपसी सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। सुबह से ही शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक उत्सव का माहौल देखने को मिला। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने पूरे उत्साह के साथ धुरखेल खेली, जबकि दोपहर बाद रंग और गुलाल की बौछार से पूरा वातावरण रंगीन हो उठा।

पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद नजर आया। शहर के प्रमुख मंदिरों, मस्जिदों, चौक-चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इसके अलावा पुलिस के गश्ती दल लगातार विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करते रहे। प्रशासन की सतर्कता के कारण कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली और लोगों ने बेफिक्र होकर होली का आनंद लिया।

सुबह धुरखेल के दौरान युवाओं की टोलियां ढोल-नगाड़ों की थाप पर पारंपरिक फगुआ गीत गाते नजर आईं। मोहल्लों में अबीर-गुलाल उड़ते रहे और "होली है" के उल्लासपूर्ण स्वर गूंजते रहे। कई स्थानों पर सामूहिक होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया, जहां लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और मिठाइयों का आदान-प्रदान किया।

शाम ढलते ही लोग सपरिवार अपने परिचितों और मित्रों के घर पहुंचे और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं।

खास बात यह रही कि विभिन्न समुदायों के लोगों ने मिल-जुलकर त्योहार मनाया, जिससे सामाजिक समरसता और भाईचारे की मिसाल देखने को मिली।

# वेणुवन विहार में 17वें विश्व माघ पूजा का हुआ भव्य उद्घाटन




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। वेणुवन विहार में आयोजित 17वें विश्व माघ पूजा समारोह का उद्घाटन ग्रामीण विकास सह परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने किया। इस अवसर पर थाईलैंड के बौद्ध भिक्षु आर्यवंशो के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न 15 बौद्ध मठों के मठाधीशों सहित थाईलैंड से आए लगभग 140 बौद्ध भिक्षुओं ने भाग लिया। पूजा के दौरान बौद्ध भिक्षुओं द्वारा मंत्रोच्चार किए जाने से पूरा वातावरण आध्यात्मिक और भक्तिमय हो गया।

मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार की परंपरा अतिथि सत्कार और "अतिथि देवो भव" की भावना से ओत-प्रोत रही है। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध के बताए मार्ग पर चलकर ही करुणा, मैत्री, प्रेम और भाईचारे का संदेश दुनिया में फैलाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि वेणुवन भगवान बुद्ध का अत्यंत प्रिय स्थल रहा है, जहां उन्होंने पांच बार वर्षावास किया था। मगध सम्राट राजा बिम्बिसार ने यह उद्यान भगवान बुद्ध को दान में दिया था।

मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बौद्ध सर्किट का लगातार विकास किया जा रहा है। नालंदा की ऐतिहासिक विरासत को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है, जहां कई देशों के छात्र अध्ययन कर रहे हैं। आने वाले समय में नालंदा फिर से विश्व गुरु के रूप में अपनी पहचान स्थापित करेगा।

कार्यक्रम में सांसद कौशलेंद्र कुमार, थाईलैंड की पूर्व मंत्री लेडी सुभद्रा, थम्मसात विश्वविद्यालय के प्रो. डॉ. नितिकांत, पूर्व राजदूत सुचित्रा सहित कई अतिथि मौजूद रहे। मौके पर जदयू के कई नेता और सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

# अंबेडकर पटेल पार्क में होली मिलन, फगुआ गीतों पर झूमे ग्रामीण



चंडी (अपना नालंदा)। प्रखंड मुख्यालय स्थित अंबेडकर पटेल पार्क में गुरुवार की शाम होली के दूसरे दिन पारंपरिक होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हुए और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान पारंपरिक फगुआ गीतों की मधुर धुन पर लोग झूमते नजर आए, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय हो उठा।

कार्यक्रम में गांव के बुजुर्ग, युवा और बच्चे सभी उत्साह के साथ शामिल हुए। ढोलक, मंजीरा और अन्य वाद्ययंत्रों की थाप पर पारंपरिक होली गीत गाए गए। इन गीतों ने माहौल को जीवंत बना दिया और लोगों को अपनी सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिला। ग्रामीणों ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर खुशियां साझा कीं तथाआपसी भेदभाव भुलाकर गले मिलते हुए भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया।

इस अवसर पर आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग इस अनूठी परंपरा को देखने और इसमें भाग लेने के लिए पहुंचे। पूरे दिन पार्क परिसर में गीत-संगीत, रंग-गुलाल और होली मिलन का दौर चलता रहा, जिससे वातावरण पूरी तरह उल्लासमय बना रहा।

ग्रामीण ओमकार कुमार, आनंदी प्रसाद और प्रो. भूषण सिंह समेत अन्य लोगों ने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक आयोजन समाज में प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में दर्जनों ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही और सभी ने मिलकर इस पारंपरिक आयोजन को यादगार बना दिया।

# परमानंदपुर और भैदी में पुलिस छापेमारी, 200 लीटर छोवा विनष्ट



आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। कतरीसराय थाना क्षेत्र के परमानंदपुर और भैदी गांव में अवैध चुलाई शराब के खिलाफ पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। यह कार्रवाई एएसआई धर्मेन्द्र कुमार के नेतृत्व में की गई। अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना तथा अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाना था।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त गांवों में अवैध रूप से चुलाई शराब का निर्माण किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों गांवों में छापेमारी की। हालांकि पुलिस के पहुंचने की भनक मिलते ही शराब बनाने में संलिप्त धंधेबाज मौके से फरार हो गया। इसके बाद पुलिस ने आसपास के इलाके में उसकी तलाश की, लेकिन वह पकड़ में नहीं आ सका।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से करीब 200 लीटर छोवा (कच्ची शराब बनाने में प्रयुक्त घोल) बरामद किया, जिसे तत्काल वहीं नष्ट कर दिया गया। इसके अलावा शराब निर्माण में प्रयुक्त कई उपकरण और सामग्री को भी पुलिस ने नष्ट कर दिया, ताकि दोबारा वहां अवैध शराब का निर्माण न हो सके।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ आगे भी लगातार अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस धंधे में शामिल लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इधर पुलिस की इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों में संतोष देखा गया। ग्रामीणों ने कहा कि पुलिस की सख्ती से क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगेगी और शांति व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी।

# बिहार की राजनीति में उठापटक पर राजद प्रवक्ता दीपक कुमार का भाजपा पर हमला



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार की बदलती राजनीतिक परिस्थितियों पर जिला राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता दीपक कुमार ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यूथ आइकॉन और विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने जिस राजनीतिक स्थिति की भविष्यवाणी डेढ़ वर्ष पहले की थी, वह आज सही साबित होती दिख रही है।

दीपक कुमार ने कहा कि तेजस्वी यादव लगातार यह कहते रहे हैं कि महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे के साथ जो हुआ, उसी तरह की स्थिति बिहार में भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ हो सकती है। आज की राजनीतिक घटनाओं ने यह साबित कर दिया है कि उनकी आशंका गलत नहीं थी।

उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी अपने सहयोगी दलों को कमजोर करने और उन्हें समाप्त करने की नीति पर काम करती रही है। शिवसेना, राष्ट्रीय लोक दल, चौटाला जी की पार्टी सहित कई छोटे सहयोगी दलों को भाजपा ने समय-समय पर नुकसान पहुंचाया है।राजद प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा किया गया हालिया ट्वीट वास्तव में उनका अपना नहीं लगता है। उनका आरोप है कि मुख्यमंत्री आवास में छोटे कर्मचारियों से लेकर बड़े अधिकारी तक पिछले दो वर्षों से दिल्ली दरबार के संपर्क में रहे हैं।

दीपक कुमार ने यह भी कहा कि जनता के जनादेश से नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनने का अवसर मिला था और राज्यसभा का पद मुख्यमंत्री पद से बड़ा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि यदि राजनीतिक साजिश के तहत ऐसा किया गया है तो बिहार की जनता इसे कभी माफ नहीं करेगी।

# खैरा गांव के पास गश्ती दौरान दो शराबियों को पुलिस ने पकड़ा

सुधीर प्रसाद

बेन (अपना नालंदा)। बेन थाना पुलिस ने गश्ती के दौरान दो लोगों को शराब के नशे में गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रविराज सिंह ने बताया कि खैरा गांव के पास नियमित गश्ती के दौरान पुलिस को दो व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में मिले। जांच के दौरान दोनों के शराब के नशे में होने की आशंका पर उन्हें हिरासत में लेकर चिकित्सीय जांच कराई गई।

जांच में शराब सेवन की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुजीत पासवान (38 वर्ष), पिता रामस्वरूप पासवान तथा मुकेश कुमार (50 वर्ष), पिता स्वर्गीय रमन पासवान के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष ने बताया कि बिहार में शराबबंदी कानून के तहत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# नगरनौसा में गांजा बिक्री का भंडाफोड़, छापेमारी में दो तस्कर गिरफ्तार

नगरनौसा (अपना नालंदा)। नगरनौसा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के बडीहा एवं कुड़वापर गांव में छापेमारी कर मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करते दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से गांजा सहित कई आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की है।

थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि बडीहा तथा कुड़वापर गांव में कुछ लोग अपने-अपने गुमटी में अवैध रूप से गांजा की बिक्री कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों स्थानों पर क्रमवार छापेमारी की।

छापेमारी के दौरान कुड़वापर गांव निवासी पिंटू कुमार के गुमटी से 260 ग्राम गांजा जैसा पदार्थ, 25 चिलम, 32 पीस अल्ट्रा थिन पेपर (नेचुरल अरबिक गम), 20 गांजा पीने वाला शूटर, एक मोबाइल फोन तथा 9555 रुपये नकद बरामद किए गए। वहीं बडीहा गांव निवासी वनजीत कुमार के पास से 130 ग्राम गांजा जैसा पदार्थ, 45 पीस क्लासिक गोगो, एक मोबाइल फोन तथा 5000 रुपये नकद बरामद किए गए।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

इस छापेमारी अभियान में थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा के साथ पुअनि संदीप कुमार सिंह, पुअनि दीपनारायण यादव, सअनि विमल कुमार तिवारी, सअनि सिकंदर कुमार, सअनि राकेश कुमार, सअनि धर्मेंद्र कुमार, पीटीसी आदर्श कुमार, विजय कुमार शर्मा, सिपाही विकास कुमार, दिनेश कुमार तथा नीतीश कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# चंडी में शांतिपूर्ण माहौल में मनी होली, रंग-गुलाल और भाईचारे का दिखा अनोखा संगम



चंडी (अपना नालंदा)।होली के पावन अवसर पर चंडी प्रखंड में रंगों का त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही लोग एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते नजर आए। गांव-गांव और मोहल्लों में बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों में खासा उत्साह देखने को मिला। होली के मद्देनज़र प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। चंडी थाना क्षेत्र में पुलिस बल की तैनाती की गई थी, वहीं संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई। शांति समिति की पूर्व बैठकों का असर साफ दिखाई दिया, जिससे त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना सामने नहीं आई। ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक तरीके से होली गीत, फगुआ और ढोल-मंजीरे की धुन पर लोग झूमते दिखे। कई स्थानों पर होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ, जहां आपसी भाईचारे के साथ मालपुआ, दही-बड़ा, ठंडाई सहित पारंपरिक व्यंजनों का लोगों ने आनंद लिया।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखने और पर्व को शांति से मनाने की अपील की। कुल मिलाकर चंडी में होली का त्योहार प्रेम, रंग और भाईचारे का संदेश देते हुए शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# बेलछी शरीफ विद्यालय में होली मिलन समारोह संपन्न




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। सोमवार को मध्य विद्यालय बेलछी शरीफ परिसर में होली मिलन समारोह हर्षोल्लास और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को होली की शुभकामनाएं देते हुए प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द के साथ त्योहार मनाने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र प्रसाद ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि आपसी मेल-मिलाप, सद्भाव और एकता का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे सुरक्षित और मर्यादित तरीके से होली मनाएं तथा समाज में सकारात्मक वातावरण बनाए रखें।

समारोह में शिक्षक कमल साव, शैदा एकबाल, शोएब रजा, मो. अबुलैश, हाफिज ओबैदुल्लाह आजम, मो. आजाद आलम, अरमान खान, उपेंद्र कुमार, संजय कुमार, संजीव कुमार एवं रजत जैन की सक्रिय भागीदारी रही। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें नैतिक मूल्यों पर चलने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में सौहार्दपूर्ण वातावरण देखने को मिला। विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और आपसी सद्भाव के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी को सुरक्षित एवं मंगलमय होली की शुभकामनाएं दी गईं।

# नरसंडा बाज़ार में मारुति ब्रेज़ा जलकर हुई राख, मचा अफ़रा-तफ़री



चंडी (अपना नालंदा)।चंडी थाना क्षेत्र के नरसंडा बाज़ार के मुख्य मार्ग पर मंगलवार की देर रात को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक Maruti Suzuki ब्रेज़ा कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे पूरे बाज़ार में अफ़रा-तफ़री का माहौल बन गया। कार चालक संतोष कुमार ने बताया कि वह Biharsharif से घर जाने के दौरान नरसंडा बाज़ार से दवा ख़रीद रहे थे। इसी दौरान अचानक कार से धुआँ निकलने लगा और कुछ ही पलों में आग की लपटें उठने लगीं। स्थिति को भांपते हुए चालक ने लोगों से मदद माँगी।जानकारी के अनुसार, कार नगरनौसा थाना क्षेत्र के खपुरा गांव निवासी श्रवण कुमार की बताई जा रही है। बताया गया कि कार की उम्र क़रीब चार वर्ष ही थी। आग लगने की घटना के बाद बाज़ार में मौजूद लोगों में दहशत फैल गई और लोग इधर-उधर भागने लगे। स्थानीय लोगों ने बाल्टी और अन्य साधनों से आग बुझाने का प्रयास किया। वही सूचना मिलते ही अग्निशमन दल मौके पर पहुँचा और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, हालांकि वाहन को भारी नुकसान पहुँचा है।

फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और तकनीकी खराबी या शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है।